सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 148 | इंदौर, शुक्रवार 13 दिसंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. किसान आंदोलन 2.0 के 10 माह पूरे: पुतला फूंक प्रदर्शन आज, 16 को ट्रैक्टर मार्च और 18 को रोकी जाएंगी ट्रेनें
2. Parliament Winter Session: लोकसभा में 'संविधान पर चर्चा'; विपक्ष की ओर से प्रियंका करेंगी सकती हैं शुरुआत

# सीएम बोले-लाड़ली बहना से बढ़ रहा लोड, सरकार आय बढ़ा रही

## सरकार का एक साल पूरा होने पर गिनाई उपलब्धियां, बोले- 3 लाख जॉब मिलेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मोहन सरकार के एक साल पूरा होने पर भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में गुरुवार को सीएम डॉ मोहन यादव और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार की उपलब्धियां गिनाई। सीएम ने सरकार की उपलब्धियां गिनाने की शुरुआत में कहा- आज 7 नगरीय निकायों के पार्षदों के चुनाव परिणाम आए हैं इनमें से छह निकायों में जनता ने भाजपा को जिताकर अपना भरोसा कायम रखा है।**




### लाड़ली बहना से लोड़ पड़ रहा, सरकार आय बढ़ा रही

सीएम ने महिलाओं के लिए किए गए कामों का जिक्र करते हुए कहा- देश में महिलाओं को सबसे ज्यादा 35 प्रतिशत आरक्षण मप्र में दे रहे हैं। हम 26 लाख लाडली बहनों को 450 रुपए गैस रिफलिंग के लिए दे रहे हैं। 1 करोड़ 29 लाख लाड़ली बहनों को अब तक 19212 करोड़ रुपए राशि का अंतरण किया है। जब से सरकार बनी थी सब कह रहे थे ये चल नहीं पाएगी। लोड़ पड़ेगा फाइनेंशियली तकलीफ है। ये हो नहीं पाएगा। ये बात जरूर मानते हैं कि इसका लोड़ पड़ रहा है लेकिन लोड़ पड़ने के साथ ही सरकार अपने आय के साधन बढ़ाती जाए। अपने पैरों पर अपनी वित्तीय व्यवस्थाओं को खड़ा करने के लिए जब आप आय बढ़ाएंगे तो स्वतः ही इन सारी व्यवस्थाओं को संचालित करने लिए आप सक्षम हो जाते हैं। स्वाभाविक रूप से हमने इस दिशा में काम किया है। हमारी सारी जनकल्याणकारी योजनाओं खासकर बहनों की योजनाओं को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं।

### अटल जी का जिक्र करके उपलब्धियों की शुरुआत की

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि किसी भी देश को आगे बढ़ाने के लिए उसके उपलब्ध संसाधनों का बेहतर से बेहतर उपयोग होना चाहिए। ऐसे में उन्होंने नदी जोड़ो की कल्पना की थी। नदी जोड़ो के माध्यम से उनका अपना विराट दर्शन था। सच मानो तो उस समय कई लोगों को लगा था कि क्या यह संभव है ? यह तो प्रकृति जन्य है यह कैसे हो सकता है? लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी ने जब हमारी दूसरी बैठक ली तो उन्होंने कहा कि यह बहुत उम्दा आइडिया है इस पर आगे बढ़ना चाहिए। ये मुद्दे बिना बात के राज्यों के अंदर कतिपय कारणों से उलझते हैं। मैंने उनकी बात को समझते हुए सोचा कि इसमें उलझन और अड़चन क्या है?

केन-बेतवा परियोजना पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज जी के समय में यह प्रोजेक्ट हाथ में लिया गया था। लेकिन फॉरेस्ट और कुछ-कुछ विभागों में तालमेल की कमी ये मामला अटक रहा था। हमने इसको गंभीरता से आगे लिया।

### अटल जी के जन्मदिन पर केन-बेतवा का भूमिपूजन

सीएम ने कहा- केन-बेतवा प्रोजेक्ट में केवल 10% राशि मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की लगेगी। बाकी राशि केंद्र सरकार देगी। अटल जी की जयंती को जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। अटल जी का वह सपना साकार होते दिखेगा जो उन्होंने नदी जोड़ अभियान को लेकर देखा था। इसमें उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के लगभग 11 जिले हैं। प्रदेश के 11 जिले और बाकी के उत्तर प्रदेश के जिले हैं। कुल मिलाकर 10 लाख हेक्टेयर इलाके में इससे सिंचाई होगी। 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री मोदी जी ने इस कार्यक्रम में आने की सूचना दी है। दोपहर 1:00 छतरपुर जिले में इस योजना का भूमि पूजन किया जाएगा।

सीएम ने कहा कि मध्य प्रदेश में दो तरह की एयर एंबुलेंस चल रही है। जहां हवाई पट्टी है वहां एयर एंबुलेंस चल रही है और जहां हवाई पट्टी नहीं है वहां हेलीकॉप्टर से मरीजों को एयरलिफ्ट किया जा रहा है। अभी हाल की घटना है पन्ना में एक रिटायर्ड खनिज अधिकारी सुबह घूमने जा रहे थे और पीछे से ट्रक में उन्हें कुचल दिया उनका पैर बुरी तरह पिचक गया उन्हें तुरंत एयर लिफ्ट करके बंसल हॉस्पिटल भोपाल में भर्ती कराया और उनका पैर भले ही अलग करना पड़ा लेकिन उनकी जान बच गई।

शपथ लेते ही हमने दो मंत्रालय को एक साथ किया स्वास्थ्य मंत्रालय और चिकित्सा शिक्षा मंत्रालय अलग-अलग थे। हर जगह यह एक थे। केवल हमारे राज्य में ही स्वास्थ्य मंत्रालय अलग था।

मध्य प्रदेश में 2003-4 के आसपास करीब 5 मेडिकल कॉलेज हुआ करते थे अब कुछ समय में पूरे मध्य प्रदेश में 51 मेडिकल कॉलेज हो जाएंगे।

सीएम यादव ने कहा कि, इंदौर मनमाड़ के बीच बनने वाली रेल लाइन के लिए मध्यप्रदेश में रेलवे का काम देखने के लिए अलग से ओएसडी ला रहे हैं। यह 309 किलोमीटर का लगभग 18,036 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट है। इस लाइन के बनने से 4 घंटे की बचत होगी। लगभग ढाई सौ किलोमीटर का सफर बचेगा।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर परिसर में जनकल्याण एवं विकास प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में राज्य सरकार के 1 वर्ष के कार्यकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्रदर्शित की गई हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सांसद विष्णुदत्त शर्मा, उपमुख्यमंत्री द्वय जगदीश देवड़ा और राजेंद्र प्रसाद शुक्ल उपस्थित रहे।

### वीडी बोले- ये तुरंत एक्शन लेने वाली सरकार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि, एक साल पहले आज के ही दिन 13 दिसंबर को मोहन यादव जी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। सरकार के साथ भाजपा के संगठन ने प्रधानमंत्री मोदी जी की नीति और डबल इंजन की सरकार ने दोगुना काम किया है। मध्य प्रदेश की सरकार तुरंत एक्शन करने वाली सरकार है। महिला, किसान, गरीब, युवा इन चार वर्गों पर सरकार ने फोकस किया है। पीएम श्री एम्बुलेंस के माध्यम से सरकार ने संवेदनशीलता प्रदर्शित की है। महिलाओं को 35% आरक्षण देने का काम डॉक्टर मोहन यादव जी के नेतृत्व की संवेदनशील सरकार ने किया। मध्य प्रदेश के समग्र विकास के लिए रीजनल इंडस्ट्रियल समिट के माध्यम से लोकल उद्योगपतियों को अवसर देने के लिए शुरुआत की गई है। शहरों के समग्र विकास के लिए देश में मध्य प्रदेश कैसे आगे जाएगा उसके लिए मेट्रोपोलिटन सिटी डेवलप करने का प्रयास सरकार ने किया है। आने वाले समय में केन बेतवा नदी जोड़ो परियोजना जो अटल जी का सपना है भी जल्द पूरी होने वाली है।

### तीन नदियों के जुड़ने से प्रदेश के 11 जिलों को फायदा

सीएम यादव ने आगे कहा कि तीन नदियों पार्वती, काली सिंध, चंबल को जोड़ने का मामला राजस्थान में विरोधी विचारधारा की सरकार होने के चलते अटका हुआ था। राजस्थान की कांग्रेस सरकार को यह मंजूर नहीं था। लेकिन अब उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश के शिवपुरी से लगाकर आगर-मालवा तक के 11 जिले शिवपुरी, गुना, सीहोर, देवास, उज्जैन आगर इंदौर, शाजापुर, मुरैना में नदियों के जोड़ने से स्थिति बदल जाएगी।

इंदौर से निकलने वाली कान्ह नदी शिप्रा में आकर हमारी मूल नदी की धारा को प्रभावित करती है। कई बार इंदौर के सीवर का पानी मिलता है तो उज्जैन का पानी गंदा हो जाता है। ऐसे में उज्जैन से 20 किलोमीटर पहले डक्ट के माध्यम से पूरी नदी को पलट कर गंभीर नदी की डाउन स्ट्रीम में शिफ्ट करेंगे।

1980 के बाद से हम किसी भी सिंहस्थ में शिप्रा जी के जल से स्नान नहीं कर पाए। गंभीर नदी के पानी से स्नान कराया। 2016 के कुंभ में हमने नर्मदा जी के जल से स्नान कराया। लेकिन अब हमने शिप्रा जी के पानी से ही स्नान करने के लिए योजना बनाई है। वर्षा जल को संग्रहित करके सरवर खेड़ी डैम के आधार पर शिप्रा जी का पानी संरक्षित करेंगे।

### सीएम ने कहा किसानों के लिए कई योजना बनाई

सीएम ने कहा, इंदौर की हुकुमचंद मिल श्रमिकों का 224 करोड़ का 30 साल पुराना भुगतान किया।

इसके पहले उज्जैन में विनोद विमल मिल का समाधान किया था।

भाजपा सरकार ने साइबर तहसील के माध्यम से देश में पहली बार कहीं से रजिस्ट्री कराने की सुविधा उपलब्ध कराई।

सरकार ने गेहूं में 125 रुपए बोनस देने की घोषणा की।

# तेज होगी ठंड, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एमपी में सर्दी का प्रकोप अगले कुछ दिनों तक और बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में शीतलहर और कोल्ड-डे का अलर्ट जारी किया है। विशेष रूप से इंदौर भोपाल, जबलपुर और शहडोल जैसे क्षेत्रों में दिन और रात दोनों ठंडे रहने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ और पहाड़ों में बर्फबारी से चल रही ठंडी हवाएं इसका मुख्य कारण हैं। मौसम विभाग ने सभी जिलों में लोगों को सतर्क रहने और आवश्यक गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी है।

### प्रभावित जिले

1. कोल्ड वेव और कोल्ड-डेः भोपाल, राजगढ़, विदिशा, सीहोर, शाजापुर, रायसेन, कटनी, सीधी।
2. कोल्ड वेवः जबलपुर, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, पन्ना, उमरिया, शहडोल।
3. कोल्ड-डेः मंदसौर, रतलाम, बैतूल, नरसिंहपुर, मंडला।

### स्कूलों का समय बदला

भोपाल और इंदौर सहित कई जिलों में स्कूल सुबह 9 बजे से शुरू हो रहे हैं ताकि बच्चों को ठंड से बचाया जा सके।

### मंदिरों में खास तैयारी

वन विहार और जू में जानवरों के लिए हीटर लगाए गए हैं। मंदिरों में भगवान को ठंड से बचाने के विशेष इंतजाम किए गए हैं। उन्हें गर्म कपड़े पहनाए गए हैं।

### इंदौर का तापमान

रात का तापमानः 8.6 डिग्री सेल्सियस।
दिन का औसत तापमानः 24.8 डिग्री।

# लहसुन की कीमतों में 7000 रुपये तक गिरावट

## नाराज किसानों ने व्यापारियों पर धांधली का आरोप लगाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** चोइथराम मंडी में लहसुन के दामों में अचानक गिरावट के चलते किसान और व्यापारी आमने-सामने आ गए हैं। किसानों का आरोप है कि व्यापारी उनसे कम दाम में लहसुन खरीदकर इसे कोल्ड स्टोरेज में जमा कर रहे हैं और बाद में ऊंचे दाम पर बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं। नाराज किसानों ने आढ़त प्रथा और निजी मंडी एक बार फिर से शुरू करने की मांग की है।

### एक हफ्ते में 6-7 हजार रुपये तक गिरे भाव

किसानों ने बताया कि पिछले हफ्ते लहसुन के भाव 28 से 30 हजार रुपये प्रति क्विंटल थे। लेकिन शनिवार को ये गिरकर 23 से 24 हजार रुपये प्रति क्विंटल हो गए। व्यापारियों का दावा है कि मंदसौर मंडी में भी लहसुन के दाम गिरे हैं, लेकिन किसानों का कहना है कि वहां केवल 500 से 700 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट हुई है। जबकि इंदौर में 5 से 7 हजार रुपये तक की भारी गिरावट दर्ज की गई है।

### आढ़त प्रथा और निजी मंडियों की मांग

किसानों ने बताया कि बड़े व्यापारी लेवालों के जरिए कम दाम में माल खरीदते हैं और इसे गोदाम में जमा कर लेते हैं। भाव बढ़ने पर ये माल ऊंचे दामों पर बाजार में बेचा जाता है। इसका सीधा नुकसान किसानों को होता है। किसान दिन-रात मेहनत करते हैं और महंगे भाड़े पर लहसुन मंडी तक पहुंचाते हैं, लेकिन मुनाफा व्यापारियों के हाथ चला जाता है। नाराज किसानों ने मांग की है कि आढ़त प्रथा को दोबारा शुरू किया जाए और निजी मंडियों को फिर से चालू किया जाए ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके।

# बीजेपी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष की सूची जारी

## शहर की लिस्ट तीन विधानसभा के मंडल की वजह से रुकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर भारतीय जनता पार्टी की मंडल की नई टीम का ऐलान होना शुरू हो चुका है। इंदौर ग्रामीण के 16 मंडल अध्यक्ष की सूची भोपाल से जारी हो गई है। इंदौर महानगर के मंडल की सूची के नाम भी देर रात तक घोषित किए जा सकते हैं। बीजेपी सूत्रों का कहना है कि इंदौर महानगर की सूची तैयार है, बस विधानसभा 2, 4 और 5 के कुछ मंडल में पेंच फंसा हुआ है। इस कारण सूची जारी होने में समय लग रहा है।**

### हर विधानसभा में कुछ न कुछ कारण से मंडल अध्यक्षों की पैनल बनाने में परेशानी

कल इंदौर शहर के सभी 36 मंडलों के नामों की रायशुमारी पूरी हो गई। इनमें 6 नए, तो 28 पुराने हैं। आखिरी रायशुमारी रात 9 बजे तक 2 नंबर विधानसभा की चली। इसके बाद सभी पैक लिफाफों को लेकर प्रदेश महामंत्री और चुनाव प्रभारी रणवीरसिंह रावत, सहप्रभारी घनश्याम शेर, उमाशशि शर्मा के बीच भाजपा कार्यालय में ही चर्चा चलती रही।

वैसे संगठन ने निर्देश दिए हैं कि इस बार विधायकों के किसी समर्थक को मंडल अध्यक्ष नहीं बनाना है, लेकिन सूत्रों के अनुसार औपचारिकता के चलते विधायकों से भी रायशुमारी में आए नामों के पैनल के बारे में राय ली गई है। सांसद और बड़े जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र में बनाए जा रहे मंडल अध्यक्षों की जानकारी मांगी है।

इस बार हर विधानसभा में कुछ न कुछ कारण से मंडल अध्यक्षों की पैनल बनाने में परेशानी आई है। अभी बनने वाली मंडल की टीम आगामी चुनावों में खास भूमिका निभाएगी, इसलिए भी कई बड़े नेता अपने समर्थकों के नाम मंडल में जुड़वाने में लगे हुए हैं। भाजपा कार्यालय पर चुनावी टोली अंतिम सूची तैयार करने में लगी है और दावा किया जा रहा है कि इसी सूची पर मंजूरी हुई तो भोपाल से सहमति के बाद इसे जारी कर दिया जाएगा। अगर नामों में कुछ पेंच फंसता भी है तो इसे होल्ड कर दिया जाएगा।

### अभी तक जारी सूची में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का पालन नहीं

कल रात एक के बाद एक उज्जैन, नीमच, मंडल, शाजापुर और देवास जिले के मंडल अध्यक्षों की सूची जारी की गई। इस बार संगठन ने निर्देश दिए थे कि 33 प्रतिशत महिलाओं को मंडल अध्यक्ष बनाया जाएं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कई निकायों में महिला अध्यक्ष नहीं मिली। केवल नीमच जिले के एक मंडल में पूजा शर्मा नाम की कार्यकर्ता को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। बाकी जिलों में पुरुषों को ही प्राथमिकता दी गई। अब इंदौर जैसे जिले में कितनी महिला अध्यक्ष मिलती हैं, यह गौरतलब होगा।

### कई विधानसभाओं में आई परेशानी

बताया जा रहा है कि एक नंबर विधानसभा में सभी मंडल अध्यक्ष बदले जा रहे हैं। कुछ पुराने अध्यक्षों ने पद पर बने रहने की इच्छा जताई थी, लेकिन संगठन ने नामंजूर कर दिया। दो नंबर के एक मंडल में कल रायशुमारी के पहले घमासान चला। एक नाम के विरोध के चलते शिकवा-शिकायतें होती रहीं। तीन नंबर में भी एक दो नाम रिपीट हो सकते हैं और दो मंडल में नए नाम आ सकते हैं। चार नंबर में पूर्व मंडल अध्यक्ष सचिन जैसवानी ने रायशुमारी में नहीं बुलाने की शिकायत की। जैसवानी और गौड़ परिवार में लंबे समय से विवाद चल रहा है। पांच नंबर में सभी के बदलने के आसार हैं तो राऊ में भी लगभग यही स्थिति है।

# बेहतर ट्रैफिक के लिए निगम का अतिक्रमण के खिलाफ एक्शन

## पाटनीपुरा, बॉम्बे हॉस्पिटल, 60 फीट रोड इलाके में हटाए शेड और ओटल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम की रिमूवल टीम ने गुरुवार को कई जगह कार्रवाई की। अलग-अलग जगहों पर हुई कार्रवाई में कई दुकानों के बाहर से शेड और ओटलों को हटाया गया। इंदौर के ट्रैफिक को बेहतर करने के उद्देश्य से सड़क किनारे और फुटपाथ पर शेड, बोर्ड और बेचने की सामग्री रखकर किए गए अतिक्रमण को हटाया जा रहा है।**

गुरुवार को जोन 5 और 6 में आने वाले पाटनीपुरा चौराहा से अनूप टॉकीज के बीच कार्रवाई की गई। 50 से अधिक शेड, बोर्ड हटाने की कार्रवाई की। कार्यवाही में भवन अधिकारी सुबीर गुलवे, अभिषेक सिंह, जोनल अधिकारी लोकेश शर्मा, भवन निरीक्षक हेमंत शितोले मौजूद रहे।

### जोन 22 में भी अतिक्रमण हटाए

जोन 22 में जोनल अधिकारी ने बांबे हॉस्पिटल चौराहे से गुलाबबाग पेट्रोलपंप तक फुटपाथ पर 25 टीन शेड, 15 ओटले, रेलिंग, 19 बोर्ड और दूसरे अतिक्रमण हटाए। इसमें दो ट्रक सामान जब्त किया गया। इस कार्रवाई में जोनल अधिकार शिवराज सिंह यादव, भवन निरीक्षक हिमांशु ताम्रकार, रिमूवल विभाग के मुकेश खरे मौजूद थे।

### जोन 16 में भी निगम का एक्शन

जोन 16 में 60 फीट रोड पर दुकानों के बाहर टीन शेड, ओटले और फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया और अपर कलेक्टर ज्योति शर्मा के निर्देशन में नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की टीम ने दुकान पर लगे हुए 55 टीन शेड, 10 ओटले और 15 फुटपाथ पर बने पक्के निर्माण का हटाया। इस संयुक्त कार्रवाई में डिप्टी कलेक्टर सीमा मौर्य, नगर निगम जोनल और भवन अधिकारी दीपक गरगटे, भवन निरीक्षक आदित्य तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक जयप्रकाश तिवारी सहित निगम की टीम और ट्रैफिक की टीम मौजूद थी।

### सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ने साइबर जागरूकता में अपनी भूमिका को समझा

**इंदौर।** इंदौर पुलिस, पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में, समय-समय पर नागरिकों और युवाओं को पुलिस सेवाओं से जोड़ने और साइबर अपराध व सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए नए-नए प्रयास कर रही है। पुलिस उपायुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव (अपराध/मुख्यालय) और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्रीमती सीमा असावा (मुख्यालय) के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) राजेश दंडोतिया व अन्य अधिकारियों ने सोशल शहर के सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के साथ एक खास बैठक आयोजित की। इस बैठक का उद्देश्य सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के साथ मिलकर पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल बनाना और साइबर अपराध को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाना था।

## सराफा बाजार में चुनावी सरगर्मी हुई तेज, 22 उम्मीदवार मैदान में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सराफा बाजार में चांदी-सोना जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन के चुनाव शनिवार को होंगे। इसे लेकर सराफा बाजार में सरगर्मी बढ़ गई हैं। प्रत्याशी रोजाना दोपहर से रात तक चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। गुरुवार को भी उम्मीदवार हाथ जोड़कर दुकानों पर जाकर अपना और अपने साथियों के पक्ष में वोट देने की अपील करते नजर आए। प्रत्याशी सराफा के विकास और बाजार से ट्रैफिक की समस्या का समाधान करने का वादा कर रहे हैं।

बता दें मतदान सुबह 11 से शाम 5 बजे तक छोटा सराफा स्थित गीतांजली प्लाजा में होगा, इसी दिन शाम 5.30 बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी। वही रात तक परिणाम घोषित हो जाएंगे और जीते हुए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी। कुल 27 उम्मीदवारों ने पर्चे भरे थे, सोमवार को 5 उम्मीदवारों ने नाम वापस लिए हैं। अब कुल 22 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। व्यापारी दोपहर 12 से शाम 7 बजे तक दुकानों पर जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं।

# हरी सब्जियों की मंडी में बहार

## शीतलहर से गराडू, पेंसिल बटला, अदरक, शकरकंद, हरे छोड़ की जबरदस्त मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट


**इंदौर। पहाड़ों की बर्फीली हवा ने इंदौर के मौसम में ठंडक घोल दी हैं, शीतलहर के चलते कंपकंपी बढ़ा दी हैं। वही देवी अहिल्याबाई फल एवं सब्जी मंडी प्रांगण में हरी सब्जियों की बहार आ गई है।**

मंडी में सब्जियों की भरपूर आवक बनी हुई हैं, ठंड को देखते हुए ग्राहक गर्म सब्जियां और फलों जैसे गराडू, बटला, अदरक, पैंसिल बटला, शकरकंद, लाल शकरकंद, मैथी, पालक, टमाटर सहित अन्य सब्जियों की खूब खरीदी कर रहे हैं।

सब्जी मंडी उपाध्यक्ष मोहम्मद फारूक राईन के अनुसार इसे हरी सब्जियां खाने का मौसम कहा जाता हैं। जब से मौसम में ठंडक बढ़ी है, हरी सब्जियों की बहार आ गयी हैं। बढ़िया क्वालिटी के गराडू की आवक अच्छी बनी हुई हैं। इसे ग्राहक भी ठंड में खूब पसंद कर रहे हैं।

मंडी में रतलाम, खाचरोद, नागदा, बड़नगर से रोजाना बढ़िया क्वालिटी की 130 से 150 कट्टा की आवक हो रही हैं। थोक में 25 रुपए किलो तक बिक रहा है, पैंसिल बटले की मांग भी अच्छी बनी हुई है। 15 से 20 गाड़ी की आवक हैं जो थोक में 50 से 55 रुपए किलो बिक रहा हैं।

इसी प्रकार ग्राहक अदरक खाने के साथ चाय के साथ भी पीते हैं। इंदौर के आसपास से रोजाना 10 गाड़ी की आवक के साथ थोक में 40 से 50 रुपए किलो बिक रही हैं। सफेद शकरकंद 4 से 5 गाड़ी की आवक के साथ थोक में 15 से 20 रुपए और लाल शकरकंद की कर्नाटक से 2 गाड़ी की आवक के साथ थोक में 40 रुपए किलो बिक रहा हैं। हरे छोड़ की जबरदस्त मांग है, रोजाना 2 से 3 गाड़ी की आवक के साथ 25 रुपए किलो तक बिक रहा हैं।



# पुलिसकर्मियों की हुई जनरल परेड

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। पुलिस की कार्यप्रणाली को और सुदृढ़ एवं प्रभावशाली बनाने एवं पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों में अनुशासन एवं उनका फिटनेस व मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में इंदौर नगरीय पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए रक्षित केन्द्र इन्दौर में आज जनरल परेड का आयोजन किया गया।**

उक्त जनरल परेड की सलामी पुलिस उपायुक्त ज़ोन-01 इंदौर विनोद मीना द्वारा ली गयी। जिसमें सहायक पुलिस आयुक्तगण, थानों के थाना प्रभारीगण, रक्षित निरीक्षक, सूबेदारों सहित विभिन्न पुलिस थानों व यातायात एवं रक्षित केन्द्र के करीब 300 पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण इसमें शामिल हुए। इस दौरान परेड में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों सहित थाना प्रभारियों ने भी स्कॉट ड्रिल, कदमताल आदि का अभ्यास किया गया। पुलिस उपायुक्त ज़ोन-01 द्वारा परेड का अवलोकन किया गया और उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों की वेशभूषा आदि को चैक किया गया, इस दौरान अच्छी, व्यवस्थित व साफ सुथरी वेशभूषा वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया गया एवं अव्यवस्थित व खराब वेशभूषा वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को चेतावनी दी गयी। उक्त जनरल परेड का आयोजन हर मंगलवार व शुक्रवार को किया जाएगा, जिसमे ज़ोन वाइज डीसीपी द्वारा परेड का निरीक्षण किया जाएगा।

---

# मैरिज गार्डन से बैग उड़ाया

## चार लाख रुपए के कैमरे रखे थे, सीसीटीवी फुटेज में दिखा आरोपी

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। **मैरिज गार्डन से शादी शूट करने आए फोटोग्राफर का बैग बदमाशचुरा ले गया, उसमें दो कीमती कैमरे रखे थे। आरोपी यहां लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज में नजर आ रहा है, जो वह गार्डन के बाहर कार से जाते हुए भी दिखा है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।**

भंवरकुआ पुलिस के अनुसार फरियादी सौरभ कुशवाह की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है। सौरभ ने पुलिस को बताया कि वह राजीव गांधी चौराहे पर स्थित शुभ करज गार्डन में शादी में शूट करने गया था। रात को दूल्हा - दुल्हन के फोटो शूट करने के बाद उन्होंने कैमरे एक कमरे में रखे थे। सौरभ के मुताबिक, कुछ देर बाद कमरे में गया, तो वहां कैमरे का बैग नहीं मिले। इसके बाद आसपास ढूंढने के बाद गार्डन के सीसीटीवी चेक किए। इसमें रात साढ़े तीन बजे एक युवक कमरे में आया और दो बैग उठा ले गए। बैग में सोनी कंपनी के एक-एक कैमरे रखे हुए थे। उसने बैग गार्डन के बाहर पार्किंग एरिया में रखे, फिर कार से चला गया। कैमरों की कीमत चार लाख रुपए बताई जा रही है। फुटेज के आधार पर पुलिस बदमाश की तलाश में जुटी है।

## ट्रक की तिरपाल काटकर दवाई के बक्से चुराए

सिमरोल इलाके में चलते ट्रक की तिरपाल काटकर उसमें भरे दवाई के 31 बक्से बदमाशों ने चोरी कर लिए। पुलिस ने 10 दिन बाद केस दर्ज किया है। शक है कि वारदात कंजर गिरोह ने की है। पुलिस ने फरियादी भूपेंद्र पिता दयाराम सूरज निवासी भीकनगांव की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि वह ट्रक में दवाई भरकर लाया था। ग्राम कनाड़ सिमरोल से राजू के ढाबा सिमरोल के बीच में बदमाशों ने ट्रक का तिरपाल काटा और 31 कार्टून निकाल लिए। कार्टून में करीब साढे तीन लाख रुपए की दवाई भरी हुई थी। पुलिस अब आरोपियों की तलाश कर रही है।

# सायबर अपराधों व नशे के खिलाफ लड़ाई में शामिल होंगे वीडियो इफ्लुएंसर

## बैठक में पुलिस कमिश्नर ने किया सहभागिता का आह्वान

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। साइबर अपराधों, महिला अपराधों, यातायात नियमों व नशे के दुष्परिणामों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारत य में पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में शहर के सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के साथ मीटिंग का आयोजन गुरुवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में किया गया ।**

उक्त बैठक में कमिश्नर संतोषकुमार सिंह की विशेष उपस्थिति में, अति. पुलिस आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव, सीमा अलावा, एडि. डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया, महिला सुरक्षा प्रियंका डुडवे सहित प्रमुख सोशल मीडिया इं लुएंसर, ब्लॉगरए कंटेंट राइटर, एफएम रेडियो जॉकी, साइबर एक्सपर्ट आदि उपस्थित रहे।

बैठक में कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने कहा कि साइबर अपराधों, महिला अपराधए यातायात नियमों का उल्लंघन व अवैध नशे के विरुद्ध पुलिस व सरकारी एजेंसीज कार्रवाई तो कर ही रही है, परंतु इन पर रोकथाम सामाजिक जागरूकता से ही संभव है और इसके लिए हम सभी की सहभागिता की आवश्यकता है । आप सभी की सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनता के बीच पहुंच है और इसी के द्वारा आपके सहयोग से साइबर अपराधों, महिला अपराधों, यातायात नियमों व नशे के दुष्परिणामों के प्रति लोगों में जनजागृति लाने का प्रयास कर सकते हैं। पूर्ण सहयोग का विश्वास व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा किए आप सभी के साथ से स्वच्छता की तरह साइबर सिक्योरिटी व सामाजिक जन जागरूकता में भी हम इंदौर को नंबर 1 बनाने का प्रयास करेंगे।

इस दौरान एडीशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने साइबर जागरूकता आदि हेतु सभी सोशल मीडिया इं लुएंसर, पुलिस के साथ किस प्रकार कार्य करेंगे व उनसे क्या अपेक्षाएं एवं जि मेदारी रहेगी आदि बातों पर चर्चा की। एडिशनल कमिश्नर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा किए हमें मिलकर इन सामाजिक बुराइयों को खत्म करना है। बैठक में सभी सोशल मीडिया इं लुएंसर ने भी अपनी बात रखी और कहा कि सामाजिक जनचेतना के इस कार्य मे वे हमेशा इंदौर पुलिस के साथ है।

## हटने को कहा तो फोड़ दी कार

**इंदौर**। भंवरकुआं इलाके में दो बदमाशों ने एक कार में तोडफ़ोड़ कर दी। फरियादी पार्किंग से कार निकालने आया था, आरोपियों पुरानी बात को लेकर विवाद किया और फिर कार पर पत्थर बरसा दिए। भंवरकुआं पुलिस के अनुसार बंटी पिता दीपक शर्मा निवासी देवनगर पवनपुरी कॉलोनी की शिकायत पर आरोपी राहुल और अनिकेत जरिया दोनों निवासी शंकरबाग कॉलोनी के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह हरिओम ऑटो डील के पीछे सपना-संगीता रोड पर सचिन चौहान की गाड़ी लेने गया था। वहीं पर आरोपी बैठे हुए थे, उनसे कहा कि थोड़ा हट जाओ तो विवाद शुरू कर दिया और गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने इसके बाद पत्थर उठाए और कार के आगे पीछे के कांच तोड़ डालें।

# डिजिटल वर्ल्ड में सतर्कता नही रखी तो आपका डाटा का हो सकता है मिसयूज

## साइबर क्लास में एडि. डीसीपी ने दिया स्टूडेंट को ज्ञान

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने व लोगों में जागरूकता के उद्देश्य से इंदौर पुलिस द्वारा लगातार कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में गुरुवार को एडि. डीसीपी क्राइम ने खंडवा रोड स्थित निजी कालेज में स्टूडेंट्स को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। सायबर अवेयरनेस के तहत कार्यक्रम में एडी. डीसीपी राजेश दंडोतिया ने 344 वीं कार्यशाला में मैनेजमेंट, फार्मा व इंजीनियरिंग के करीब 300 स्टूडेंट्स को वर्तमान समय के विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों की जानकारी देते हुए उन्हें पुलिस के पास आने वाली शिकायतों की केस स्टडी के आधार पर, विभिन्न प्रकार के साइबर फ्राड, फाइनेंशियली फ्राड, फर्जी लोन ऐप्प, फर्जी निवेश, डिजिटल अरेस्ट तथा सोशल मीडिया पर किए जाने वाले विभिन्न साइबर अपराधों की जानकारी दी। साथ ही साइबर अपराध होने पर हेल्पलाइन नं. 1930 तथा इंदौर पुलिस की साइबर हेल्पलाइन 7049124445 पर शिकायत करें तथा पुलिस इन पर किस प्रकार कार्यवाही करती है और साइबर अपराधों से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें आदि के संबंध में प्रैक्टिकली समझाया। एडि. डीसीपी ने कहा कि नई तकनीकों का इस्तेमाल के दौरान सावधानियां बरतना बेहद जरूरी है। हमारी लापरवाही साइबर अपराधियों के लिए सबसे बड़ा मौका बन जाता है।

# सूने मकान से जेवरात-लेपटॉप ले उड़े

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। खजराना थाना क्षेत्र के स्कीम नं. 134 में रहने वाले ललित पिता विजय कुमार जैन के सूने मकान में घुसे बदमाश जेवरात और लेपटाप चोरी कर ले गए। फरियादी ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि घर में घुसे बदमाश गले का हार, सिक्के और नगदी के अलावा मोबाइल और लेपटॉप भी चुरा ले गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पुलिस बैंड से लेकर मुफ्त एयर एंबुलेंस तक, एक साल में मुख्यमंत्री यादव ने किए यह बड़े नवाचार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार का 13 दिसंबर को एक साल पूरा हो रहा है। इस एक साल में मुख्यमंत्री ने कई ऐसे नवाचार किए, जिनसे प्रदेश की विकास प्रक्रिया में नई दिशा मिली है। पुलिस बैंड से लेकर एयर एंबुलेंस जैसी सुविधाओं का आरंभ प्रदेशवासियों के लिए बड़ी राहत साबित हो रहा है। इसके साथ ही, कई लंबित परियोजनाओं को गति दी गई है, जिनमें काली सिंध चंबल लिंक परियोजना और केन-बेतवा लिंक परियोजना प्रमुख हैं।**



### मुफ्त एयर एंबुलेंस सेवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में मुफ्त एयर एंबुलेंस सेवा की शुरुआत की है। इस सेवा में एक हेली एंबुलेंस और एक फिक्स्ड विंग कनवर्टेड फ्लाइंग एंबुलेंस का संचालन किया जा रहा है। आमतौर पर इस सेवा का खर्च पांच से छह लाख रुपये आता है, लेकिन आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों के लिए यह सेवा निःशुल्क उपलब्ध है। अब तक प्रदेश में कई मरीजों को इस सेवा का लाभ मिल चुका है। एयर एंबुलेंस में उच्च प्रशिक्षित चिकित्सीय और पैरामेडिकल स्टाफ की टीम हमेशा तैनात रहती है, जो मरीजों का तत्काल इलाज मुहैया कराती है।

### 55 जिलों में पुलिस बैंड की शुरुआत

मुख्यमंत्री ने 55 जिलों में पुलिस बैंड की शुरुआत की है। अब तक सरकारी कार्यक्रमों में केवल सेना और एयरफोर्स के जवान ही प्रदर्शन करते थे, लेकिन अब पुलिस के जवान भी इन कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। इस बैंड के गठन के दौरान कुछ जवानों ने इसमें भाग लेने से मना किया था, लेकिन उन्हें कार्रवाई का सामना करना पड़ा और कोर्ट भी गए थे, जहां से उन्हें राहत नहीं मिली। अब यह बैंड राज्यभर में सरकारी कार्यक्रमों का हिस्सा बन चुका है।

### काली सिंध चंबल लिंक परियोजना की शुरुआत

काली सिंध चंबल लिंक परियोजना, जो वर्षों से अटकी हुई थी, अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आगे बढ़ी है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और केंद्र सरकार के बीच इस परियोजना को लेकर एक समझौता हुआ है, जिससे 10 जिलों को फायदा होगा। इससे 19 लाख 25 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा बढ़ेगी। इसके अलावा, केन-बेतवा लिंक परियोजना को भी अब तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। 44 हजार करोड़ की परियोजना से 10 जिलों के 1900 ग्राम में 8 लाख 11 हजार हेक्टयर क्षेत्र में वार्षिक सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। 41 लाख आबादी को पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी और 130 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इन परियोजनाओं पर लंबे समय से काम चल रहा था, लेकिन कुछ अड़चनों के कारण इनकी गति धीमी थी। मुख्यमंत्री ने अपनी सक्रियता से इन अड़चनों को समाप्त किया और काम को तेज किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि पार्वती कालीसिंध चंबल लिंक परियोजना का भूमिपूजन जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जा सकता है, जिससे इस महत्वपूर्ण परियोजना को गति मिलेगी और इलाके में जलवायु और कृषि की स्थिति में सुधार होगा।

### प्रशासनिक मशीनरी से तालमेल नहीं

मध्य प्रदेश के राजनीतिक विश्लेषक दिनेश गुप्ता ने कहा कि डॉ. मोहन यादव ने कई नए प्रयोग किए हैं। उन्होंने संभागीय स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों को प्रभारी बनाया, लेकिन इनमें निरंतरता की कमी दिखाई दी। उनकी सोच अच्छी है, लेकिन प्रशासनिक मशीनरी के साथ तालमेल सही से नहीं बन पा रहा है। अधिकारियों की तरफ से मुख्यमंत्री द्वारा दी जा रही जिम्मेदारियों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एयर एंबुलेंस जैसी सेवाओं से जनता को सीधा लाभ मिलता है, लेकिन ये सेवाएं यह भी दर्शाती हैं कि जिला स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की आवश्यकता है। सरकार को अपनी प्राथमिकता यह बनानी चाहिए कि हर जिले में बेहतर अस्पताल और योग्य डॉक्टर उपलब्ध हों।

## नगरीय निकायों के उप चुनाव के नतीजे घोषित

### भाजपा पांच, कांग्रेस और निर्दलीय एक-एक पर जीते



**भोपाल।** प्रदेश के नगरीय निकायों में नौ दिसंबर को उपचुनाव का मतदान हुआ था। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने जानकारी दी है कि नगर पालिक निगम रीवा में वार्ड 10 में भारतीय जनता पार्टी की अमिता सिंह, नगर पालिक निगम ग्वालियर में वार्ड 39 में भारतीय जनता पार्टी की अंजलि पलैया, नगरपालिका परिषद गुना के वार्ड 10 में भारतीय जनता पार्टी के विनोद कल्याण सिंह लोधा, नगरपालिका परिषद सारणी में वार्ड 33 में इंडियन नेशनल कांग्रेस की रेखा भलावी और नगर परिषद निवास जिला मंडला के वार्ड 13 में भारतीय जनता पार्टी की शांति बाई पार्षद पद के लिए निर्वाचित घोषित की गई हैं। इसी तरह नगर परिषद जैतहरी के वार्ड 6 में भारतीय जनता पार्टी की हेमलता और नगर परिषद बरेली जिला रायसेन के वार्ड 9 में निर्दलीय प्रत्याशी पीयूष मालवीय निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

**कमलनाथ बोले-सफेद हाथी साबित हो रही आयुष्मान योजना**

# सूची से हटाई गई 196 बीमारियों को शामिल करने की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। आयुष्मान भारत योजना को लेकर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आरोप लगाये हैं, उन्होंने इसे सफ़ेद हाथी करार दिया है, कमलनाथ ने इस योजना में शामिल बीमारियों की सूची से 196 बीमारियों को हटाने पर ऐतराज जताते हुए इसे वापस सूची में शामिल करने की मांग की है। दरअसल 2018 में मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना में पात्र हितग्राही को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाती है, हाल ही में इस योजना में 70 साल से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों को भी शामिल किया गया है, इस योजना में 1760 बीमारियों का इलाज निजी अस्पतालों में करवाने की सुविधा सरकार ने दी लेकिन कुछ शिकायतों के बाद सरकार ने 196 बीमारियों को इलाज वाली सूची से अब हटा दिया है, यानि अब इन 196 बीमारियों का इलाज प्राइवेट अस्पतालों में नहीं होगा।**



### निजी अस्पतालों ने 196 बीमारियों को सूची से बाहर किया

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने एक्स पर लिखा कि आयुष्मान योजना धीरे-धीरे सफ़ेद हाथी बनती जा रही है। मध्य प्रदेश में 196 बीमारियों को निजी अस्पतालों में इलाज की सूची से बाहर कर दिया गया है। दूसरी तरफ़ सरकारी अस्पतालों में उपचार की समुचित व्यवस्था नहीं है। कमलनाथ ने लिखा कि मलेरिया, मोतियाबिंद का ऑपरेशन, छोटे बच्चों की बीमारी, बुजुर्गों की कई बीमारियाँ निजी अस्पतालों में इलाज से बाहर कर दी गई हैं। बड़ी संख्या में बीमारियों को निजी अस्पतालों में उपचार से बाहर करने से आयुष्मान कार्ड धारक उपचार कराने के लिए परेशान हो रहे हैं। मध्य प्रदेश पहले से ही स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में निचले पायदान पर है और उस पर आयुष्मान कार्ड का अप्रभावी हो जाना लोक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत चिंता का विषय है।

### इस विषय में गंभीरता से विचार करें मुख्यमंत्री

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य की रक्षा करना और अच्छा उपचार कराना हर नागरिक का मूलभूत अधिकार है। मैं मुख्यमंत्री से मांग करता हूं कि इस विषय में गंभीरता से विचार करें और एक कमेटी बनाकर बहुत सारी बीमारियों को दोबारा निजी अस्पतालों में उपचार के लिए खोला जाए। जो अस्पताल आयुष्मान कार्ड का दुरुपयोग कर रहे हैं, उन पर निश्चित तौर पर सख़्त कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन इस कार्रवाई का मतलब यह नहीं कि मध्य प्रदेश के जरूरतमंद नागरिक उपचार से वंचित कर दिए जाएं।

# विदेशी पर्यटक खजुराहो में नवनिर्मित दुकानों में कर रहा मजदूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खजुराहो।** इन दिनों खजुराहो में इटली से भारत भ्रमण करने के लिए पहली बार विदेशी पर्यटक खजुराहो पहुंचा और जहां पर विदेशी पर्यटक बलेरियो खजुराहो में एक निर्माण के काम में अपना सहयोग कर रहा है। वह फावड़े से रेत भरकर दुकान के अंदर डालकर अपना सहयोग कर रहा है। इटली के विदेशी पर्यटक बलेरियो खजुराहो से बेनीगंज रोड पर स्थित पाठक फार्म हाउस पर चल रहे दुकान निर्माण कार्य में रेत रेत डालकर अपना सहयोग दे रहा है। तकरीबन 10 दिन पहले भारत भ्रमण पर निकले इटली के बलेरियो दिल्ली से सीधा खजुराहो पहुंचा और अपने मित्र के यहां रुका हुआ है। जब विदेशी पर्यटक से पूछा गया तो उसका कहना है कि इस तरह के काम में सहयोग देने पर उसको आत्मिक प्रसन्नता मिलती है। साथ ही शारीरिक श्रम भी हो जाता है। वह स्वयं इटली में एक रेस्टोरेंट में काम करते हैं और वह हिंदुस्तान पहली बार आया है और यहां अच्छे लोगों से मुलाक़ात हुई, यहां के लोग मुझे सहायता कर रहे हैं मैं भी उन्हें सहायता के रूप में कुछ कार्य कर रहा हूँ।





## संपादकीय

# हर्ष फायरिंग के नाम पर हिंसा

भारतीय समाज में विवाह समारोह के दौरान दिखावे की प्रवृत्ति इस कदर बढ़ती गई है कि अब उसमें हिंसक प्रवृत्तियों का भी खुल कर प्रदर्शन किया जाने लगा है। शादी-ब्याह के मौके पर बंदूक और राइफल से गोली दाग कर खुशी का इजहार करने का यह कौन-सा तरीका है जिसमें किसी बेकसूर की जान चली जाए। सवाल है कि विवाह के अवसर पर हथियार लेकर चलने की परंपरा के पीछे कौन-सी मानसिकता काम करती है। इस बात को किसी तर्क पर ठीक माना जा सकता है कि कोई व्यक्ति कानून के दायरे में अपनी आत्मरक्षा का हवाला देकर कोई हथियार रखता है। मगर लोग खुशी का इजहार करने के नाम पर भी गोलियां दाग रहे हैं और उससे कई बार विवाह समारोह में ही मातम पसर जाता है तो उससे किसको खुशी मिल सकती है? दिक्कत यह है कि गोलीबारी में वधू या वर पक्ष के करीबी लोगों के शामिल होने के कारण कई बार मामले को कानूनी अंजाम तक नहीं पहुंचने दिया जाता है। लाइसेंसी हथियार सिर्फ आत्मरक्षा की कानूनी परिभाषा के तहत रखने की छूट है, लेकिन आज यह दिखावे का औजार बनता जा रहा है। कई लोग शान बघारने या दबंगई दिखाने के लिए ऐसे मौके पर हथियार लेकर आते हैं। जबकि अकारण हवा में गोली चलाना अपराध है और इसके लिए सजा भी हो सकती है। गौरतलब है कि हरियाणा के चरखी दादरी में एक विवाह समारोह में जश्न के नाम पर किसी ने गोलियां दागीं, जिसकी चपेट में आकर तेरह साल की एक बच्ची की मौत हो गई और उसकी मां जख्मी हो गई। यह कोई पहली घटना नहीं है। लुधियाना में पिछले महीने विदाई के वक्त भाई की चलाई गोली दुल्हन के माथे में जा लगी थी। इसी तरह हाल में मथुरा में जयमाला के दौरान करीबी रिश्तेदार की ऐसी ही लापरवाही के कारण दुल्हन को गोली लग गई। देश के कई इलाकों में खुशी मौके पर हवा में गोलियां चलाना शान का प्रदर्शन माना जाता रहा है, लेकिन इसके पीछे कहीं न कहीं लोगों के भीतर छिपी सामंती कुंठा होती है। शादी-ब्याह में रिश्तेदार ही दिखावे के लिए गोलियां दागने लगें, तो समझा जा सकता है कि हमारे समाज में यह कुंठा कितनी गहरी हो चुकी है। दिखावे की हिंसा की ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

## महिला जगत

# सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ने साइबर जागरुकता में अपनी भूमिका को समझा

पिछले कुछ महीनों की राजनीतिक खबरों पर नजर डालें तो साल 2024 में कुछ महिला नेताओं के नाम अखबरों, टीवी चैनलों और सोशल मीडिया में काफी सुर्खियों में रहे। आइए जानते हैं 2024 की चर्चित महिला नेताओं के बारे में।

भारत की राजनीति में महिलाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है। केंद्रीय मंत्रिमंडल से लेकर राज्य के मुख्यमंत्री पद, किसी राजनीतिक पार्टी के जिम्मेदार पद पर महिलाओं की हिस्सेदारी देखने को मिली। साल 2024 में राजनीति में बड़े बदलावों का वर्ष रहा। इस वर्ष लोकसभा चुनाव में जीत के बाद मोदी सरकार एक बार फिर सता में आई। इसके अलावा राजस्थान, झारखंड, महाराष्ट्र, हरियाणा और जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए। इन चुनावों के दौरान कई महिला उम्मीदवारों और नेताओं के नाम सुर्खियों में रहे। कई चुनाव में जीतकर तो कोई हार कर चर्चा में रहीं। कुछ का नाम राजनीतिक विवादों में उछला। पिछले कुछ महीनों की राजनीतिक खबरों पर नजर डालें तो साल 2024 में कुछ महिला नेताओं के नाम अखबरों, टीवी चैनलों और सोशल मीडिया में काफी सुर्खियों में रहे। आइए जानते हैं 2024 की चर्चित महिला नेताओं के बारे में।



### कंगना रणौत



अभिनेत्री कंगना रणौत ने इस साल भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर हिमाचल प्रदेश के मंडी से चुनाव जीतकर सदन पहुंची। इसी के साथ कंगना रणौत की राजनीतिक पारी की शुरुआत हुई। कंगना रणौत अपने चुनावी बयानबाजियों और विवादित टिप्पणियों के कारण साल 2024 में काफी चर्चा में रहीं।

### स्वाति मालिवाल



सामाजिक कार्यकर्ता और राज्यसभा में संसद सदस्य के रूप में कार्य कर रही स्वाति मालीवाल साल 2024 में काफी चर्चा में रहीं। अरविंद केजरीवाल के आवास पर पिटाई को लेकर और सीएम केजरीवाल के सचिव पर गंभीर आरोपों के बाद स्वाति मालीवाल का नाम लगातार सुर्खियों में बना रहा।

### महुआ मोइत्रा

तृणमूल कांग्रेस के नेता महुआ मोइत्रा सत्रहवीं लोकसभा में पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर लोकसभा सीट जीतकर संसद पहुंची। महुआ मोइत्रा भी अपने विवादित बयानों के कारण हमेशा सुर्खियों में रहती हैं। इस साल चुनाव में जीत और राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा पर अपमानजनक टिप्पणी के कारण वह भी विवादों से घिरी रहीं।



### माधवी लता

भाजपा ने हैदराबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए कोम्पेला माधवी लता को टिकट दिया। लता चार बार हैदराबाद के सांसद और एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ माधवी लता चुनाव मैदान में उतरीं। दक्षिण भारतीय अभिनेत्री माधवी लता भले ही चुनाव में हारी लेकिन उन्होंने जनता का ध्यान आकर्षित किया और सोशल मीडिया पर सुर्खियों में बनी रहीं।





### वसुंधरा राजे

राजस्थान में भाजपा की जीत के बाद वसुंधरा राजे को मुख्यमंत्री बनने की आशंकाओं पर उस समय विराम लग गया जब भाजपा ने भजनलाल शर्मा को सीएम बना दिया। उसके बाद से वसुंधरा राजे उप- चुनाव मंच से दूरी बना ली। वसुंधरा राजे के भाषण और टिप्पणियों के कारण वह इस साल काफी चर्चा में रहीं।

New Delhi

# DPS, सलवान और कैंब्रिज... दिल्ली में 16 स्कूलों को मिली बम की धमकी, एक्शन में आई पुलिस

**नई दिल्ली, (एजेंसी) राजधानी दिल्ली के 16 स्कूलों को फिर से बम की धमकी का कॉल आया है. पहली कॉल सुबह 4:30 बजे की गई. इसके बाद दिल्ली पुलिस की टीम और दमकल विभाग मौके पर तुरंत पहुंचा और अपनी जांच शुरू की. फोन कॉल के अलावा ई-मेल से भी धमकी दी गई है.**

अभी तक की जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है. जिन 16 स्कूलों को धमकी मिली है जिनमें भटनागर पब्लिक स्कूल, पश्चिम विहार, कैम्ब्रिज स्कूल श्री निवास पुरी, DPS ईस्ट ऑफ कैलाश, साउथ दिल्ली पब्लिक स्कूल डिफेंस कॉलोनी, दिल्ली पुलिस पब्लिक स्कूल सफदरजंग एन्क्लेव और कटेश पब्लिक स्कूल




रोहिणी शामिल हैं. अभी तक की पुलिस जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है.

ई-मेल से भेजी गई धमकी में कहा गया, 'यह ई-मेल आपको सूचित करने के लिए है कि आपके स्कूल परिसर में कई विस्फोटक हैं. मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि आप सभी अपने छात्रों के स्कूल परिसर में प्रवेश करते समय उनके बैग की बार-बार जांच नहीं करते हैं. इस एक्टिविटी में एक सीक्रेट डार्क वेब ग्रुप शामिल है और कई रेड रूम भी हैं. बम बिल्डिंग्स को नष्ट करने और लोगों को नुकसान पहुंचाने के लिए पर्याप्त हैं. आज से 14 दिसंबर तक, यानी कल, दोनों दिनों में, एक अपेक्षित पैरेंट्स टीचर मीटिंग (PTM) होने वाली है.'

Tamil Nadu

## डिंडीगुल के प्राइवेट हॉस्पिटल में भीषण हादसा, आग लगने से 6 की मौत, 29 मरीज ट्रांसफर



**डिंडीगुल, (एजेंसी) तमिलनाडु के डिंडीगुल में एक प्राइवेट हॉस्पिटल में आग लगने के कारण 6 लोगों की मौत हो गई. हादसा गुरुवार रात को हुआ. बताया जा रहा है कि जिस समय अस्पताल में आग लगी, उस समय वहां कई मरीजों का इलाज चल रहा था. आनन-फानन में उन्हें वहां से निकालकर दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किया गया.**

जानकारी के मुताबिक दुर्घटना के बाद 29 मरीजों को सरकारी अस्पताल के साथ-साथ पास के दूसरे निजी अस्पातल पहुंचाया गया. हादसे के बाद रेस्क्यू का काम तेजी से चलाया जा रहा है. आग पर काबू पा लिया गया है. हालांकि, अभी बिल्डिंग के अंदर जाकर कर्मचारी-अधिकारी यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि एक भी शख्स अंदर न फंसा हो. शुरुआती जानकारी के मुताबिक अब तक आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है.

बताया जा रहा है कि हादसा गुरुवार रात करीब 10 बजे हुआ. जानकारी मिलते ही अग्निशमन और बचाव दल के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया. थोड़ी देर में कलेक्टर और दूसरे सीनियर अधिकारी भी आ गए. अग्निशमन और बचाव दल के कर्मचारी ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया.

Maharashtra

## अब RBI को आया धमकी भरा मेल, विस्फोटकों से उड़ाने की दी धमकी, जांच में जुटी मुंबई पुलिस

**मुंबई, (एजेंसी)** देश में धमकी भरे कॉल और ई-मेल आने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है. विमान कंपनियों और स्कूलों के बाद अब भारतीय रिजर्व बैंक को धमकी भरा मेल आया है. इस मेल में रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया को विस्फोटकों से उड़ाने के लिए धमकी दी गई है रूसी भाषा में आया ई-मेल आरबीआई के गवर्नर के मेल आईडी पर आया है. मेल आने के बाद मुंबई पुलिस सतर्क हो गई है और MRA मार्ग पुलिस स्टेशन में मेल भेजने वाले के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. फिलहाल जांच जारी है. इससे पहले भी बीते नंवबर में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ग्राहक सेवा विभाग (Customer Care) को धमकी भरा कॉल मिला था. ये कॉल सुबह करीब 10 बजे रिजर्व बैंक के कस्टमर केयर नंबर पर की गई थी.फोन पर मौजूद शख्स ने कहा था कि वह लश्कर-ए-तैयबा का सीईओ है. धमकी देने वाला यह कहते हुए फोन रख दिया था कि पीछे का रास्ता बंद कर दो, इलेक्ट्रिक कार खराब हो गई है.

Rajasthan

## सर्दी के इस सीजन में आज माउंट आबू रहा सबसे ठंडा शहर, तापमान लुढ़क कर -5 डिग्री पर पहुंचा

**सिरोही, (एजेंसी)** राजस्थान का एकमात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल कड़ाके की ठंड का सामना कर रहा है। शुक्रवार सुबह तापमान -5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके चलते खुले मैदानों, घरों होटलों एवं सड़कों पर रात में बाहर खड़े वाहनों पर चढ़ी बर्फ की चादर चढ़ गई। कई क्षेत्रों में तो बर्तनों में रखा पानी भी जम गई। शहर में तेज हवाओं के बीच लगातार बढ़ रही ठंड से यहां का मौसम बेहद खुशनुमा बना हुआ है। पर्यटक इस मौसम का मजा लेने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे है। माउंटआबू में लगातार पड़ रही तेज ठंड के चलते देर सवेरे तक सड़कों पर इक्का दुक्का ही लोग नजर आ रहे है। जैसे-जैसे दिन बढ़ता जाता है धूप निकलने के बाद सर्दी में हल्की सी राहत मिलती है। इस दौरान लोग धूप सेककर ठंड से बचाव का जतन कर रहे है। शाम होते ही



ठंड के तेवर फिर तीखे होते जाते है। गर्म ऊनी कपड़े पहनने के साथ जगह जगह अलाव ठंड से बचाव का सहारा बने है। पर्यटक होटलों के बाहर वाहनों एवं खुले मैदानों में घास एवं पेड़ पौधों पर जमी बर्फ से अठखेलियां कर इस शानदार मौसम का मजा ले रहे है। इस मामले में मेहसाणा, गुजरात से आए भावेशभाई ने बताया कि बड़े शहरों में ऐसा मौसम कहां देखने को मिलता है।

खेल

# सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन बने गुकेश, 18 की उम्र में रच डाला इतिहास

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने गुरवार को विश्व शतरंज चैंपियनशिप के 14वें और अंतिम दौर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। लिरेन को हराकर वह सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन बन गए। 18 वर्ष की उम्र में उन्होंने इतिहास रच दिया। 6.5 अंको के साथ खेल की शुरुआत हुई थी। अंतिम मैच भी ड्रॉ की तरफ बढ़ता दिख रहा था कि तभी लिरेन की एक गलती उनके लिए भारी पड़ गई और गुकेश को जीत दिला गई। भारतीय युवा स्टार ने लिरेन को 7.5-6-5 से हराकर विश्व खिताब अपने नाम किया। 12 साल के बाद किसी भारतीय ने इस खिताब पर कब्जा जमाने में कामयाबी हासिल की है।

गुकेश ने 18 साल आठ महीने 14 दिन की उम्र में यह खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने गैरी कास्पारोव का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने 22 वर्ष छह महीने 27 दिन की उम्र में खिताब जीता था। गुकेश से पहले भारत के विश्वनाथन आनंद (2000-2002 और 2007-2013) विश्व शतरंज चैंपियन रहे। गुकेश के लिए साल का अंत शानदार रहा है। इस साल वे कई और



खिताब जीते, जिनमें कैंडिडेट्स 2024 टूर्नामेंट और शतरंज ओलंपियाड शामिल है, जिसमें उन्होंने गोल्ड मेडल जीता था।

शतरंज की दुनिया की नई सनसनी 17 वर्षीय गुकेश ने अपने करियर में कई बार दुनिया को चौंकाया है। वह इस छोटी सी उम्र में कई रिकॉर्ड बना चुके हैं। वह 12 साल, सात महीने, 17 दिन की उम्र में भारत के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बन गए थे और दुनिया के सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर का टैग केवल 17 दिनों से चूक गए थे। उन्होंने पिछले साल पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को पछाड़कर 36 साल बाद पहली बार देश के शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी के रूप में प्रवेश किया। अब उन्होंने उस प्रभावशाली सूची में एक और उपलब्धि जोड़ दी है। कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतने के साथ ही गुकेश 40 साल पहले महान गैरी कास्पारोव द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए। रूस के पूर्व महान कास्पारोव 22 साल के थे जब उन्होंने 1984 में हमवतन अनातोली कारपोव के साथ भिड़ने के लिए क्वालिफाई किया था। अब गुकेश इस साल के आखिर में विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती पेश करेंगे। भारत में कम उपलब्धि पर ही स्टारडम हासिल करने वाले खिलाड़ियों के बीच गुकेश की पहचान तब तक छुपी रही जब तक उन्होंने अपने करियर में 2500 की रेटिंग पार नहीं कर ली। वह तकनीकी इंजनों से दूर रहे और अपनी तैयारी के लिए कंप्यूटर का कम से कम इस्तेमाल किया। गुकेश के इस तरीके की भारत के महानतम चेस खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने भी तारीफ की थी। उन्होंने एक बार एक इंटरव्यू में कहा था- गुकेश इस तरह की सोच रखने वाले दुनिया के चुनिंदा खिलाड़ियों में हैं, जो अपने खेल के शीर्ष पर होने के बावजूद स्टार नहीं हैं।

सिनेमा

## हाउसफुल 5 के सेट पर हादसा, अक्षय कुमार की आंख में लगी चोट, रुकी शूटिंग?




एक्टर अक्षय कुमार के फैंस के लिए शॉकिंग खबर है. एक्टर को हाउस फुल 5 की शूटिंग के दौरान आंख में चोट लग गई. ऐसा एक स्टंट करने के दौरान हुआ. खबरों की मानें तो, स्टंट के दौरान एक उड़ती हुई चीज उनकी आंखों में जा लगी जिस वजह से वो घायल हो गए. फिलहाल, अक्षय को मेडिकल ट्रीटमेंट दी जा रही है. सेट पर अक्सर ही शूट करते हुए एक्टर्स को चोट लग जाती है. इस बार अक्षय के साथ एक हादसा हुआ. हाउस फुल 5 की शूटिंग के दौरान स्टंट करते हुए उनकी आंख में चोट लग गई.इनसाइडर के मुताबिक- स्टंट करते समय अक्षय की आंख में कोई चीज उड़कर आ गई. सेट पर तुरंत एक आई स्पेशलिस्ट को बुलाया गया, जिसने आंख पर पट्टी बांधी और अक्षय को कुछ समय आराम करने को कहा. जबकि बाकी एक्टर्स के साथ शूटिंग फिर से शुरू हो गई. हालांकि, चोट के बावजूद, अक्षय जल्द ही शूटिंग में शामिल होने के लिए तैयार दिखे. अक्षय का कहना है कि क्योंकि फिल्म की शूटिंग लास्ट फेज में है, तो वो नहीं चाहते कि इसमें देरी हो.

## Highlights

1. **Man gives 'triple talaq' to wife for going alone for walk in Maharashtra, booked**
2. **RBI gets email in 'Russian' language threatening to blow up Mumbai office**
3. **400 IndiGo passengers stranded in Istanbul for 24 hours without food as flights delayed**
4. **Assam CM Himanta urges Mamata to not lead 'dead' I.N.D.I.A bloc**

# Microsoft testing file sharing feature between Windows and iPhone: How to use



**NEW DEIHI, (Agency).** Here's good news for users who use both an Apple iPhone and a Windows PC. Microsoft is coming up with a new feature enabling file sharing between the two devices.

The company is reportedly working on an update for its Phone Link app, trying to make the transfer of files between the Windows PC and the iPhone easier.

According to a blog post shared by Microsoft, the feature has been made available for those who are a part of the Windows Insiders program.

The app already has features like phone notifications on PC and answering calls directly on PC. The new feature of file sharing for iPhone users will be a big enhancement to the app's capabilities.

File sharing between Windows and iPhone

There are a few things that a user must keep in mind before using the new feature. First of all, it is still in the testing phase and is only available for Windows Insiders users. Also, the iPhone in question must be running on iOS 16 or higher versions of the operating system.

A user who falls in all those categories needs to install the Link to Windows app on the iPhone. The app version should be version 1.24112.73 or higher. Also, the PC must have the Phone Link app updated to version 1.24112.89.0 or later.

When all that is done, the Link to Windows will appear as an option for sharing files on the iPhone, letting the user send photos, documents and other files directly to the PC.

# होलानी वेंचर्स कैपिटल फंड: 5 महीनों में 24% रिटर्न

◆ **विकास में सबसे आगे HVAC और मेटल ईंडस्ट्री**

◆ **विकास को बढ़ावा देते हुए हीट एक्सचेंजर और राजपुताना इंडस्ट्रीज़**

'होलेनी वेंचर कैपिटल फंड' (HVCF) ने फंड की हालिया गतिविधियों, बाजार विश्लेषण और पोर्टफोलियो प्रदर्शन का सारांश प्रदान किया है, जो HVCF की भारत के छोटे और मझोले उद्यमों (SMEs) की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। पत्र में HVCF की इस प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया है कि वह उच्च विकास और स्थिरता की संभावना वाले कंपनियों में स्ट्रैटजीक इन्वेस्टमेंट करके SME क्षेत्र को सशक्त बना रहा है।



भारत में SME प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (IPO) बाजार पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए, HVFC नोट करता है कि इन कंपनियों द्वारा सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध होने का झुकाव बढ़ रहा है, जो इन कंपनियों द्वारा प्रस्तुत विकास संभावनाओं और इंन्वेस्टमेंटअवसरों से प्रेरित है। BSE SME IPO इंडेक्स में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है, जो इस क्षेत्र इंन्वेस्टर्स के लिए आकर्षक बनाने का प्रतीक है। होलानी वेंचर्स कैपिटल फंड-1, एक श्रेणी 1 वैकल्पिक निवेश कोष (AIF) जिसका कोष 300 करोड़ है और 100 करोड़ का अतिरिक्त ग्रीन शू विकल्प है, इस बाजार में सक्रिय रूप से भाग लेता है। फंड की स्ट्रैटजीक इन्वेस्टमेंट दृष्टिकोण में एंकर निवेश, IPOs में योग्य संस्थागत खरीदार (QIB इन्वेस्टमेंट और सूचीबद्ध नहीं इक्विटी में इन्वेस्टमेंट शामिल हैं, जिसका उद्देश्य एक विविध पोर्टफोलियो का निर्माण करना है जिसमें मजबूत विकास क्षमता हो।

HVFC, एक श्रेणी 1 वैकल्पिक निवेश कोष (AIF) है, जिसका प्रारंभिक कोष 300 करोड़ है और 100 करोड़ के वैकल्पिक विस्तार के साथ, जो SMEs में सक्रिय रूप से निवेश करता है। अक्टूबर 2024 तक इसे 226 करोड़ की प्रतिबद्धता राशि प्राप्त हुई है, और ड्रॉडाउन पूंजी 50% रही है। पिछले तिमाही में, कोष ने एंकर निवेशों, अनलिस्टेड कंपनियों में प्रारंभिक चरण के निवेशों, और आईपीओ में महत्वपूर्ण भागीदारी के माध्यम से अपने पोर्टफोलियो को विविधित किया है, जिससे यह भारतीय बाजार के विकासशील परिवेश में एक संतुलित पोर्टफोलियो तैयार करने में सक्षम हुआ है।

## सर्वजनहिताय के लिए हमारे शुभसंकल्पित उद्देश्य

# ‘सतर्क रहे - सजग रहे अभियान’

को जन-गण-मन तक प्रसारित और पल्लवित
करने में अपना योगदान दीजिये ।

हम विवाद के लिए नहीं अपितु संवाद के लिए संकल्पित है...!

हम सिर्फ लाभ के लिए नहीं अपितु शुभ के लिए भी संकल्पित है...!

हम सिर्फ समस्याओं को उजागर के लिए ही नहीं अपितु समाधान
के साथ सहयोग के लिए भी संकल्पित है...!

‘मित्रस्यम चक्षुक्षाम देहि’ की भावना वाली हमारी संवाद और
सहयोग की पत्रकारिता के साथ जुड़े।

**Webportal :**
https://www.detectivegroupreport.com
https://www.dgr.co.in

**Youtube Channal :**
http://www.youtube.com/c /DETECTIVEGROUPREPORT

**Social Media :**
Twitter
https://twitter.com/Detective_G_R

Facebook
https://www.facebook.com /DetectiveGroupReport

Instagram
https://www.instagram.com /detective_group_report

**Email us :** dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक